न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी जोधपुर (उत्तर)

प्रार्थीः—
तहसीलदार जोधपुर
अंतर्गत धारा 131 132 136 भू.राजस्व अधि.

बनाम

अप्रार्थीगणः—
आसुराम वगै.
प्रा. पत्र संख्याः— 58/2026

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए।
11.6.26	तहसीलदार **जोधपुर** द्वारा **राजस्व ग्राम बुधनगर पटवार मण्डल दईकड़ा भू.अ. निरीक्षक दईकड़ा तह. व जिला जोधपुर में** चालू रास्ते का अंकन राजस्व अभिलेख में करवाने हेतु प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131, 132 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 मय दस्तावेजात नकल जमाबंदी, नकल नक्शा, मौका रिपोर्ट पटवार हल्कापरिशिष्ट –ए एवं अभिशंषा तहसीलदार जोधपुर द्वारा पेश किया गया। प्रकरण दर्ज रजिस्टर हो। तहसीलदार **जोधपुर** से प्राप्त पत्रावली मय दस्तावेजात का ध्यानपूर्वक अवलोकन एवं मनन किया गया। जिससे तहसीलदार, जोधपुर द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र उचित प्रतीत होता है तथा राजस्व (गुप–6) विभाग के परिपत्र क्रमांक प.3 (17) राज–6/2021 पार्ट/91 जयपुर, दिनांक 30.9.2021 के बिन्दु संख्या 4 के अनुसरण में तहसीलदार, जोधपुर का प्रार्थना पत्र मय प्रस्ताव स्वीकार किया जाता है। आदेश पृथक से लिखवाया जाकर शामिल मिसल किया गया। तहसीलदार जोधपुर मुताबिक आदेश राजस्व अभिलेख में अमल दरामद करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। **सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी जोधपुर (उत्तर)**	